तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 10 जून 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4 परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी अध्ययन भ्रमण पर पहुंचे शहर





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### ललाती में 22 ग्राम पंचायतों हेतु जनसमस्या निवारण शिविर आज

**अम्बिकापुर।** सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत 10 जून को विकासखण्ड उदयपुर के ललाती शिविर स्थल (सेजेस विद्यालय परिसर) में शिविर लगेगा। जिसमें 22 ग्राम पंचायतों सरगंवा, कवलगिरी, चैनपुर ललाती, खरसुरा, खोधला, घुचापुर, करौन्दी, शंकरपुर, नमना, खम्हरिया, नुरेरा, रिखी, कलचा, भदवाही, देवटिकरा, जामडीह, तोलगा, सलका, पलका, खोड़री, सोनतराई के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उदयपुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उदयपुर होंगे।

### नपं कुसमी में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बलरामपुर।** जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 10 जून को नपं कुसमी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण करने के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। प्रशासन ने सभी वार्डवासी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने और अपनी समस्याओं का समाधान कराने कहा गया है।

### प्री. बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 11 को

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 11 जून को प्री. बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी। प्री. बीएड प्रवेश परीक्षा जिले के 20 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी जिसमें कुल 6,982 अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें कुल 2,124 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में कुल 9,106 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

### दीर्घकालीन अनधिकृत अनुपस्थिति पर सहायक ग्रेड-3 की सेवा समाप्त

**अम्बिकापुर।** डीईओ सरगुजा द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासकीय हाई स्कूल लक्ष्मणगढ़, विकासखण्ड उदयपुर में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 सूरज कुमार भगत की सेवा समाप्त कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री भगत 17 मार्च 2021 से बिना अनुमति एवं बिना सूचना के लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इस संबंध में समय-समय पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए तथा समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित कर जवाब प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान किया गया। इसके बावजूद उनके द्वारा नियत अवधि में संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। मामले की जांच हेतु नियमानुसार विभागीय जांच संस्थित की गई। जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण के उपरांत यह पाया गया कि संबंधित कर्मचारी लंबे समय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे तथा अपनी अनुपस्थिति के समर्थन में कोई वैध दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके। विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा सूरज कुमार भगत, सहायक ग्रेड-3 की सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

### मंगलवार को तड़के 5 बजे हुई घटना

# बदौली जंगल में घूमने निकले दंपती की दंतैल ने पटक कर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/राजपुर

मंगलवार को तड़के पास के जंगल में घूमने निकले दम्पत्ति का दंतैल से सामना हो गया। इस दौरान दंतैल ने बारी-बारी से दोनों को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे वन अधिकारियों ने स्थल पर ही मृतकों का पीएम कराया तथा मृतकों के परिजन को 25-25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की।

**खास बात**

- कल्याणपुर जंगल से पहुंचा है हाथियों का दल
- विभाग ने मृतकों के परिजन को दी 25-25 हजार की तात्कालिक सहायता

वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत ग्राम कुंदीकला बांधपारा निवासी जूठन गोड़ आ.नेमसाय गोड़ (65वर्ष) अपनी पत्नी सुंदरी बाई के साथ हर दिन तड़के पास के जंगल में घूमने जाते थे। मंगलवार को भी तड़के दम्पत्ती जंगल की ओर निकले तो घर में मोजूद नाती ने जंगल में हाथी पहुंचने का हवाला देकर जंगल की ओर जाने से मना किया। जूठन गोड़ ने इसे मजाक मानकर टाल दिया तथा दोनों जंगल की ओर चले गए इस दौरान जंगल के वनखण्ड पी-2740 में घूमना शुरू ही किए थे सामने से एक दंतैल पहुंच गया। दंतैल को अपनी ओर आते देख दोनों भागने लगे। इस दौरान दंतैल भी तेज गति से दौड़ते हुए पहुंचा तथा पीछे से सुंदरी बाई को अपनी सूंड में जकड़कर पटक दिया। पत्नी को मौत के घाट उतारने के बाद दंतैल ने भाग रहे जूठन गोड़ को भी अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया। दंतैल के पटकने से दम्पति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दौरान दंतैल की निगरानी कर रहे वनकर्मियों ने तत्काल परिक्षेत्राधिकारी को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिक्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा एवं उपवन मण्डलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्वास्थ्य अमले को बुलाकर मृतकों का पीएम करा शव परिजन को सौंपा। अधिकारियों ने मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई तथा परिजन को 25-25 हजार की तत्कालिक सहायता प्रदान की।



मृतक के परिजन को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

#### एक दिन पूर्व ही पहुंचे थे 5 हाथी

वन अधिकारियों के अनुसार पांच हाथियों का दल सोमवार को रात्रि कल्याणपुर जंगल से अखोरा, जपाखांड के रास्ते बदौली जंगल में पहुंचा था। जंगल में हाथियों के पहुंचने की सूचना पर विभाग ने आसपास के गांवों में मुनादी करा ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दी थी। दल के चार हाथी दूसरे जंगल में भ्रमण कर रहे हैं। सुबह 4 बजे दंतैल दल से अलग होकर अकेले बदौली जंगल पहुंच गया था। तड़के दंतैल के दल से अलग होकर बदौली जंगल में पहुंचने की सूचना किसी को भी नहीं थी। बुजुर्ग दंपत्ति ने नाती की बात पर विश्वास नहीं किया तथा अपनी जान गवां दी।

#### अप्रैल में ली थी 3 की जान

पांच हाथियों का दल लम्बे अर्से से कल्याणपुर, झींगादोहर, सकालो, खड़गवां, प्रतापपुर एवं राजपुर जंगल में भ्रमण कर रहा है। हाथी लगातार एक जंगल से दूसरे जंगल तक भ्रमण करते हैं तथा हर जंगल में 8-10 दिनों तक रूकते हैं। वन अधिकारियों के अनुसार किसी व्यक्ति के सामने पड़ने पर दंतैल आक्रामक हो जाता है तथा तत्काल हमला बोल देता है। दो महीने पूर्व दंतैल दल से अलग होकर कल्याणपुर बस्ती के निकट पहुंच गया था। इस दौरान 24 घंटे के भीतर उसने तीन लोगों को पटक कर कर जान ले ली थी। 24 घंटे के भीतर 3 लोगों की मौत से मृतकों के परिजन अभी भी सदमें में है। वन अधिकारियों के अनुसार देर शाम दंतैल जामदोहर जंगल में पहुंच गया है जबकि चार हाथियों का दल बदौली जंगल में मौजूद है। वन अधिकारी दंतैल को दल से मिलाने की कोशिशें कर रहे हैं ताकि उसकी आक्रामकता में कमी आए।

#### लगातार की जा रही निगरानी

विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है साथ ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जंगल में नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। मृतक के परिजन को 25-25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-रविशंकर श्रीवास्तव
उपवन मण्डलाधिकारी



# नपं शिवनंदनपुर के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के नेतृत्व में रविवार को रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल सहित भाजपा के सभी निर्वाचित पार्षदों का मुख्यमंत्री से परिचय कराया और आगामी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

- उपाध्यक्ष पद को लेकर मचा है घमासान

बताया जा रहा है कि नवगठित नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण एवं प्रथम सम्मेलन को भाजपा भव्य स्वरूप देने की तैयारी में है। पार्टी चाहती है कि इस आयोजन के माध्यम से नगर पंचायत गठन और भाजपा की जीत का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचे। गौरतलब है कि लंबे समय से नगर पंचायत गठन की मांग कर रहे शिवनंदनपुर क्षेत्र को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के दौरान अंतिम गजट प्रकाशन के बाद डेढ़ वर्ष पूर्व नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हूआ था। इसके साथ ही प्रारंभिक चरण में करीब चार करोड़ रुपये के विकास एवं निर्माण कार्यों की स्वीकृति भी प्रदान की गई थी, जिन पर कार्य शुरू हो चुका है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की योजना है कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नगर पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता और नई परियोजनाओं की मांग भी रखी जाए। सूत्रों के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह की संभावित तिथि 17 जून तय किए जाने पर चर्चा चल रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा प्रभारी मंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

#### उपाध्यक्ष पद को लेकर भाजपा और कांग्रेस में मंथन तेज

नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद भाजपा के खाते में जाने के बाद अब सभी की नजरें उपाध्यक्ष पद पर टिक गई हैं,अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग के कोटे में जाने के बाद उपाध्यक्ष सामान्य वर्ग के खाते में जाने की ज्यादा संभावना दिख रही है, लेकिन भाजपा इसमें महिला कार्ड भी खेल सकती है,15 वार्डों वाली नगर पंचायत में कांग्रेस के 8 और भाजपा के 7 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष के मतदान अधिकार को जोड़ने पर भाजपा का आंकड़ा भी 8 तक पहुंच जाता है, जिससे दोनों दलों के बीच मुकाबला बराबरी का नजर आ रहा है और दोनों ही दलों को क्रॉस वोटिंग होने का डर बना हूआ है, ऐसी स्थिति में दोनों दल उपाध्यक्ष पद को हासिल करने के लिए तोड़ो -जोड़ो अभियान की रणनीति में जुटे हुए हैं।

#### भाजपा की तरफ से इन नामों की हो रही चर्चा

प्रशांत अग्रवाल (पार्षद वार्ड नंबर 15), युवा पार्षद एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष,भाजपा के कद्दावर नेता अशोक अग्रवाल के पुत्र हैं साथ ही इन्हें वन विकास निगम के अध्यक्ष व पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा का करीबी होने का लाभ मिल सकता है। मंजू गोयल (पार्षद वार्ड नंबर 4), महिला प्रतिनिधित्व और सामाजिक समीकरणों के कारण मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। मनी बग्गा (वार्ड नंबर 12), महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के करीबी और युवा चेहरा हैं। प्रमिला साहू (वार्ड नंबर 2), सीनियर महिला चेहरा, शिवनन्दनपुर की पूर्व जनपद सदस्य रह चुकी हैं, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अमरलाल साहू की पत्नी हैं एवं भाजपा नेता अजय गोयल के करीबी माने जाते हैं।

#### कांग्रेस पार्टी से भी हैं कई दावेदार

अंशुल गोयल (पार्षद वार्ड नंबर 3), वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष गोयल के पुत्र हैं। चंदन सिंह (पार्षद वार्ड नंबर 11), कोयला ट्रांसपोर्टर और पैलेस गुट के करीबी हैं। हर्ष दनौदिया (पार्षद वार्ड नंबर 8), युवा नेतृत्व के रूप में उभरता चेहरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश दनौदिया के भतीजे हैं। विमला देवी (वार्ड नंबर 5), पूर्व महिला सरपंच एवं आदिवासी महिला प्रतिनिधि, जिन्हें सर्वमान्य उम्मीदवार के रूप में भी देखा जा रहा है।

# अलग-अलग घटनाओं में गंभीर चार लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** सर्पदंश, सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में गंभीर हुए चार लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम मानी निवासी चंद्रिका आ. हीरा साय (53 वर्ष) 31 मई की शाम अपने पुराना घर से पैदल नया घर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 ईके 0605 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे चंद्रिका गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां 7 जून को चिकित्सकों ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी। परिजन दूसरे दिन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में दरिमा अंतर्गत ग्राम पोड़ी निवासी बलबीर राम आ. केंदू राम (47 वर्ष) सोमवार को छोटे भाई बीड़ी राम के साथ बाइक से इंजेक्शन लगवाने मेडिकल कॉलेज अस्पताल आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम लोधिमा मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे बाइक चालक ने साइड से टक्कर मारते हुए फरार हो गया जिससे बाइक सवार चंद्रिका व बीड़ी राम अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में चंद्रिका गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने घायल की नाजुक हालत होने परे रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को संजीवनी 108 से रायमपुर लेकर जा रहे थे तभी घायल ने रास्ते में दम तोड़ दिया वहीं तीसरी घटना में धौरपुर पड़ौली निवासी गीता साडिल्य पति बबलू (39 वर्ष) 1 जून को घर में मेहमान आने पर गीता नाश्ता देने के लिए घर के अंदर बाहर आ जा रही थी। शाम को जैसे ही महिला घर के आंगन में गई तभी जहरीले सांप ने उसके पैर में डंस लिया। सांप के डंस लेने पर महिला शोर मचाने लगी। सांप को देख परिजन महिला को तत्काल निजी वाहन से शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर परिजन 3 जून को वापस घर लेकर चले गए। गत दिन महिला की हालत ज्यादा खराब हो जाने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

वहीं एक अन्य घटना में दरिमा अंतर्गत ग्राम सखौली नवापारा निवासी बेलकसिया पति धुना राम (56 वर्ष) सोमवार को कमरे में सो रही थी जबकि पति मवेशी चराने गया था। शाम को घर आया तो देखा पत्नी को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। पति ने तत्काल बेटा को घटना की जानकारी दी। परिजन महिला को संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया।



# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के मामलों पर सतत निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम महेवा स्थित खसरा क्रमांक 2 की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने संबंधी प्राप्त शिकायत पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई है। प्राप्त शिकायत को समय-सीमा के अंतर्गत दर्ज करते हुए प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है।

- राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने किया स्थल निरीक्षण
- महेवा में शासकीय भूमि में की गई सीमांकन एवं चिन्हांकन की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार संबंधित सरपंच को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत नोटिस जारी कर निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में प्राप्त जवाब एवं उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वाड्रफनगर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नीर निधि नंदेहा के नेतृत्व में तहसीलदार रघुनाथनगर, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम महेवा पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शासकीय भूमि का सत्यापन करते हुए आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखकर भूमि पर लाल झंडी लगाकर सीमांकन एवं चिन्हांकन की कार्रवाई की गई, ताकि भूमि पर किसी प्रकार का नया अतिक्रमण अथवा अवैध कृषि गतिविधि न हो सके। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) श्री नंदेहा ने बताया कि प्रकरण की जांच प्रक्रिया प्रगति पर है तथा जांच पूर्ण होने के बाद उपलब्ध तथ्यों एवं अभिलेखों के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के निर्देशन में शासकीय भूमि की सुरक्षा एवं संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अवैध अतिक्रमण के मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने आमजन से भी शासकीय संपत्तियों के संरक्षण में सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने का आह्वान किया है।

### आधे शहर में सुबह 4 बजे से बिजली गुल, पानी के लिए परेशान लोग

# अघोषित विद्युत कटौती से परेशान रहे शहरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मंगलवार को शहर के बड़े इलाके में घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान पानी के अभाव में बड़ी संख्या में लोग नहा तक नहीं सके। बिजली गुल होने के कारण अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ा।

विश्रामपुर स्थित 220 केवी विद्युत उपकेन्द्र में आई तकनीक खराबी एवं रख-रखाव के उद्देश्य से विद्युत कंपनी ने देर शाम मंगलवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर के कुछ इलाकों की विद्युत आपूर्ति बाधित करने की योजना बनाई थी। स्थिति को देखते हुए विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने विभिन्न माध्यमों से इसकी सूचना प्रसारित की थी। एक साथ बड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में सुबह लोगों ने घरों में पानी भरने के साथ ही विद्युत संबंधी अन्य कार्य करने की योजना बनाई थी। इधर तड़के लगभग 4 बजे टाउन फीडर, शिकारी रोड एवं खैरबार फीडर में तकनीकी खराबी आने के कारण शहर के विभिन्न वार्डों की आपूर्ति ठप हो गई। इस दौरान सुधार कार्य पूरा होने के बाद कुछ इलाकों में 7.30 बजे आधे घंटे के लिए आपूर्ति सुचारू हुई जबकि अधिकांश क्षेत्रों में 11.45 बजे बिश्रामपुर स्थित विद्युत उपकेन्द्र में सुधार होने के बाद आपूर्ति सुचारू हुई तो लोगों ने अपने घरों में पानी भरा। अघोषित विद्युत कटौती से शहर के सदर रोड, केदारपुर, जोड़ा पीपल, भट्ठीरोड, ब्रम्हपारा सहित आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता जेपी राजवाड़े ने बताया कि कलेक्टर बंग्ला के पीछे विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल गिरने के कारण तड़के टाउनफीडर की आपूर्ति बाधित हो गई। इसी तरह शिकारी रोड फिडर का इंसुलेटर फट गया जबकि खैरबार स्थित ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रही। एक साथ तीन स्थानों पर तकनीकी खराबी आने के कारण सुधार में अधिक समय लगने के कारण कुछ क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुचारू करने में कुछ अधिक समय लगा। सुबह 8 बजे तक सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई थी लेकिन इसी समय विश्रामपुर स्थित विद्युत उपकेन्द्र से आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को लम्बे समय तक परेशानी का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजनाः कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा 5 को

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई रविवार को किया जाएगा। परीक्षा दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होगी। योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा का अवसर प्रदान किया जाता है। जारी जानकारी के अनुसार परीक्षा में वहीं विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे जो कोरिया जिले के मूल निवासी हों, छग में मान्य अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग से संबंधित हों तथा कक्षा 5 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हों। अभ्यर्थी को कक्षा 4 वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अथवा समकक्ष ग्रेड प्राप्त होना आवश्यक है। योजना का लाभ केवल ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मिलेगा।

### मोहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क

**मनेन्द्रगढ़।** 26 जून को मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा, सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### वनांचल में सौर प्लांटों में सुधार कार्य शुरू

**सोनहत।** वनांचल क्षेत्र के बिजलीविहीन गांवों में स्थापित सौर प्लांटों में आई तकनीकी खराबियों को सुधारने का कार्य विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है। बैटरी, इनवर्टर एवं अन्य उपकरणों में आई खराबी को दूर करने के लिए संबंधित गांवों में तकनीकी टीम भेजी जा रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार 9 जून को एक पिकअप वाहन में आवश्यक सामग्री लेकर तकनीकी दल दूरस्थ रामगढ़ क्षेत्र के लिए रवाना हुआ, जहां सौर संयंत्रों की मरम्मत एवं सुधार कार्य किया जा रहा है। विभाग का कहना है कि प्रभावित गांवों में जल्द विद्युत व्यवस्था सुचारू करने प्रयास जारी हैं।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों के खातों में पहुंची रही राशि

**सोनहत।** विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य पूर्ण होने के बाद अब संग्राहकों के खातों में उनकी मेहनत की राशि पहुंचने लगी है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से जुड़े श्रमिकों ने बताया कि समय पर भुगतान मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान समय में कृषि कार्य शुरू होने वाला है, ऐसे में तेंदूपत्ता की राशि मिलने से धान बीज खरीदी सहित अन्य खेती-किसानी के कार्यों में सहायता मिलेगी। तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए आय का महत्वपूर्ण साधन माना जाता है। संग्राहकों ने बताया कि समय पर राशि मिलने से परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में आसानी होगी। तथा आने वाले दिनों की खेती की तैयारी भी बेहतर ढंग से की जा सकेगी।

### सेंट्रिंग प्लेट व्यवसाय से आत्मनिर्भर बनीं अनीता

**बैकुण्ठपुर।** जिले की एक साधारण गृहिणी श्रीमती अनीता ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर आर्थिक आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की सहायता से उन्होंने सेंट्रिंग प्लेट किराए पर देने का व्यवसाय शुरू किया और आज वे अपने क्षेत्र में सफल उद्यमी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। बैकुंठपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम आमापारा की रहने वाली अनीता अब आसपास के गांवों में 'सेंट्रिंग प्लेट वाली अनीता दीदी' के नाम से जानी जाती हैं।

---

प्रमुख चौक बने जाम और अव्यवस्था के केन्द्र, आम नागरिक रोज झेल रहे परेशानी

# मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय बना लेकिन यातायात व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय का दर्जा मिलने के बाद किसी भी शहर से यह अपेक्षा की जाती है कि वहां मूलभूत व्यवस्थाओं का विस्तार होगा, प्रशासनिक ढांचा मजबूत होगा और नागरिक सुविधाओं में सुधार दिखाई देगा। लेकिन मनेन्द्रगढ़ की तस्वीर इससे अलग नजर आती है। जिला बनने के 5 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से भगवान भरोसे चल रही है।

शहर के प्रमुख चौक जैन मंदिर चौक, फव्वारा चौक, विवेकानंद चौक और गांधी चौक आज अव्यवस्थित यातायात, अतिक्रमण और जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। शहर के नागरिकों का कहना है कि सुबह से लेकर देर शाम तक इन चौकों पर वाहनों का दबाव बना रहता है। सड़क किनारे लगने वाली अस्थायी दुकानें, ठेले और अव्यवस्थित पार्किंग ने हालात को और गंभीर बना दिया है। नतीजा यह है कि हर दिन लोगों को जाम, दुर्घटना के खतरे और समय की बबार्दी का सामना करना पड़ रहा है। मनेन्द्रगढ़ की सबसे बड़ी समस्या यह है कि शहर के कई हिस्सों में सैकड़ों लोग सड़क पर ही अपना कारोबार संचालित कर रहे हैं। ठेले, गुमटी और अस्थायी दुकानें सड़क की उपयोगिता को कम कर रही हैं। रोजी-रोटी का अधिकार सभी को है, लेकिन इसके लिए निर्धारित स्थान होना भी आवश्यक है। जब सड़कें बाजार में तब्दील हो जाएं तो यातायात व्यवस्था प्रभावित होना स्वाभाविक है। शहरवासियों का कहना है कि प्रशासन को वैकल्पिक वेंडिंग जोन विकसित कर सड़क किनारे लगने वाले व्यवसायों को



व्यवस्थित करना चाहिए। जिला मुख्यालय बनने के कई वर्ष बाद भी मनेन्द्रगढ़ में स्वतंत्र और प्रभावी यातायात पुलिस व्यवस्था विकसित नहीं हो सकी है। नागरिकों का कहना है कि शहर में नियमित रूप से यातायात नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल मौजूद नहीं है। जिला गठन के बाद लोगों को उम्मीद थी कि शहर में आधुनिक यातायात व्यवस्था विकसित होगी, यातायात थाना स्थापित होगा और चौकों पर स्थायी निगरानी की व्यवस्था बनेगी, लेकिन 5 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यातायात थाना स्थापित नहीं हो पाया है, इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर जिला मुख्यालय की आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में अपेक्षित गति क्यों नहीं दिखाई दे रही है।

नागरिकों को उम्मीद है कि प्रशासन, पुलिस विभाग और जनप्रतिनिधि इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए ठोस और दीर्घकालिक समाधान की दिशा में कदम उठाएंगे, ताकि शहर की पहचान अव्यवस्था नहीं बल्कि सुव्यवस्थित यातायात और बेहतर नागरिक सुविधाओं से हो सके। जिला बनने का सपना तभी सार्थक होगा, जब शहर की सड़कें भी व्यवस्था की राह पर लौटेंगी।

### इन जगहों पर लगता है जाम

**जैन मंदिर चौक** - जैन मंदिर चौक शहर का सबसे व्यस्त क्षेत्र माना जाता है। यहां बाजार, बैंक, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और आवागमन का मुख्य मार्ग होने के कारण दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। सड़क के दोनों किनारों पर अस्थायी दुकानों और वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण सड़क की चौड़ाई काफी कम हो जाती है। कई बार दो बड़े वाहन आमने-सामने आ जाएं तो लंबा जाम लग जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**फव्वारा चौक-** फव्वारा चौक मनेन्द्रगढ़ का प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। यहां रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही होती है, लेकिन यातायात नियंत्रण के अभाव में यह चौक अक्सर जाम का कारण बन जाता है। सब्जी विक्रेता, फुटपाथी दुकानदार और सड़क किनारे खड़े वाहन यातायात को बाधित करते हैं। कई बार पैदल चलने वालों को सड़क के बीच से निकलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि यदि प्रशासन व्यवस्थित पार्किंग और फुटपाथ की व्यवस्था करे तो यहां की स्थिति काफी हद तक सुधर सकती है।

**विवेकानंद चौक** - विवेकानंद चौक से कई महत्वपूर्ण मार्ग जुड़े हुए हैं। स्कूल, कार्यालय और बाजार क्षेत्र होने के कारण यहां सुबह और शाम के समय वाहनों का दबाव अधिक रहता है। चौराहे पर न तो कोई स्थायी यातायात व्यवस्था दिखाई देती है और न ही वाहनों के संचालन के लिए पर्याप्त संकेतक। परिणामस्वरूप वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार वाहन चलाते हैं, जिससे कई बार विवाद और दुर्घटना की स्थिति बन जाती है।

**गांधी चौक-** गांधी चौक की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण और अनियंत्रित पार्किंग ने यहां की यातायात व्यवस्था को प्रभावित किया है।
स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चौक के आसपास सड़क की वास्तविक चौड़ाई का बड़ा हिस्सा अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है। ऐसे में छोटे वाहन भी आसानी से नहीं निकल पाते, जबकि एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

---

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के पटना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले आरोपी किशन तिवारी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपी बेरोजगार युवाओं एवं नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे धनराशि वसूलता था।

■ 2 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला, पटना पुलिस की कार्रवाई

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नंदलाल सिंह पिता सोमारसाय निवासी ग्राम आंजोखुर्द ने थाना पटना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम आंजोखुर्द निवासी किशन तिवारी ने नगर पंचायत पटना में नौकरी लगाने के नाम पर उससे 2 लाख रूपए की धोखाधड़ी की है। शिकायत के आधार पर थाना पटना में 28 फरवरी को अपराध क्रमांक 58/2026 के तहत धारा 318 (4), 336 (3), 338, 238 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पटना पुलिस ने जांच शुरू की तथा आरोपी की तलाश की जा रही थी। लगातार प्रयास, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी किशन तिवारी पिता जय कुमार तिवारी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम आंजोखुर्द थाना पटना को 9 जून को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा उसके द्वारा किए गए अन्य संभावित धोखाधड़ी के मामलों की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय, सहायक उपनिरीक्षक बाल कृष्ण राजवाड़े सहित थाना पटना के अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस टीम की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से आरोपी को कानून के शिकंजे में लाया जा सका। थाना पटना पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नौकरी दिलाने के नाम पर धनराशि मांगने वाले व्यक्तियों से सावधान रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

---

# सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव

**बैकुंठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगवां के उप सरपंच सहित पंचगणों ने ग्राम पंचायत सरपंच की मनमानी एवं भ्रष्टाचार कार्यो को लेकर अविश्वास प्रस्ताव लाने की सूचना अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर को दी।

■ एसडीएम से की गई शिकायत

ग्राम पंचायत मझगवां के उप सरपंच सहित 13 पंचों ने हस्ताक्षरयुक्त सूचना पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत मझगवां के सरपंच के कार्यकाल एक वर्ष पूर्ण हो चुका है, लेकिन पंचायत क्षेत्र में एक भी विकास कार्य कार्य नहीं कराया गया। सरपंच द्वारा बिना कार्या कराए एवं पंचगणों को जानकारी दिए बिना ही शासन से आवंटित योजनाओं की राशि को आहरित कर गबन करने का काम किया गया है, इससे पंचगण नाराज है। सूचना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत के मासिक बैठक में सरपंच के पति उपस्थित रहता है। हम पंचगण 15 वां वित्त एवं मूलभूत योजना की जानकारी पूछते हैं तो सरपंच के पति पंचगणों से अभद्र टिप्पणी करते हुए अमर्यादित भाषाओं का प्रयोग करता है, इससे असंतुष्ट होकर अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहते हैं। सूचना पत्र सौंपने के दौरान उप सरपंच प्रतिभा साहू, अनिल साहू, रूपवति साहू, लगन सिंह,कलावती, सोनिया, संध्या दुबे, सीता देवी, महेन्द्र कुमार, चंद्रा सिंह, ननकी, लक्ष्मी, हसीना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बिना कार्य कराए लाखों आहरण की शिकायत

ग्राम पंचायत मझगवां के सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की उप सरपंच व पंचगणों की हस्ताक्षरित सूचना में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा शासन से आबंटित योजना, मूलभूद मद एवं 15 वॉ वित्त की राशि को गलत तरीके से पंचों को बताए बिना ही बिना कार्य कराए ही आहरित कर गबन करने का आरोप लगाया। पंचगणों ने सरपंच के विरूद्ध आरोप लगाया कि मूलभूत एवं 15 वां वित्त से विभिन्न निर्माण एवं मरम्मत के नाम पर बिना कार्य कराए लाखों रूपए आहरित कर सरकारी राशि गबन किया गया, जिसकी जानकारी पंचों को नहीं बताई जाती है।

---

कलेक्टर कोरिया ने दिए निर्देश

# एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए कृषि और राजस्व विभाग मिलकर करेंगे काम

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन को प्राथमिकता देते हुए कृषि एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य किया जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकायों एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सरकारी भूमि पर निवासरत पात्र लोगों को पट्टा वितरण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए व्यापक सर्वे




कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकाय 15 अगस्त 2026 के पहले तक सर्वे कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट संचालक भू-अभिलेख को भेजें, ताकि पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार कर पट्टा वितरण की कार्रवाई शुरू की जा सके। इसके लिए नगरीय निकाय और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों का गठन किया जाएगा। कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। इन शिविरों में ऋण स्वीकृति एवं वितरण, यूपीआई पंजीयन, क्यूआर कोड सुविधा तथा डिजिटल भुगतान सेवाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत, सामाजिक सुरक्षा बीमा एवं श्रमिक पंजीयन जैसी योजनाओं से अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने पर जोर दिया गया। उन्होंने साइबर सुरक्षा और सुरक्षित डिजिटल भुगतान के प्रति भी लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

### जन शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सीएम जनदर्शन, पीएम पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन तथा सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।

---

### अवैध महुआ शराब के साथ आदतन आरोपी गिरफ्तार

**कोरिया कॉलरी।** कोरिया कालरी चौकी पुलिस ने अवैध महुआ शराब के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आदतन अपराधी विजय यादव को करीब 12 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ लंबे समय से अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि विजय यादव अवैध महुआ शराब लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को रास्ते में पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 12 बोतल अवैध महुआ शराब बरामद की गई।



कोरिया कालरी चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी लंबे समय से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त था। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी की गतिविधियों से क्षेत्र का सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा था।

### भरतपुर के पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस

**मनेन्द्रगढ़।** जनपद पंचायत भरतपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में आज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजीकृत श्रमिकों को उनके कार्यों की



जानकारी, मजदूरी भुगतान की स्थिति तथा योजना से प्राप्त होने वाले लाभों के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं श्रमिकों को विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन के उद्देश्यों एवं प्रावधानों की जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि इस पहल के माध्यम से जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन तथा श्रमिकों की क्षमता वृद्धि को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान, रोजगार उपलब्धता, कार्यस्थल सुविधाओं एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही श्रमिकों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया गया।

### पीएमश्री लटमा में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम लटमा स्थित पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला लटमा में बच्चों के पालकों की सहमति से विद्यालय में 1 जून से ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया है जिसका समापन आज 10 जून को होगा।

मिली जानकारी के अनुसार पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला लटमा में नए शिक्षा सत्र की शुरूआत के पहले 1 जून से पालकों की सहमति लेकर विद्यालय के बच्चों के लिए 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन की शुरूआत की गई। आयोजित शिविर के माध्यम से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए स्वतंत्र मंच मिला और बच्चों ने खेल खेल में जीवनोपयोगी गतिविधियों को सिखने का मौका मिला। ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों को वेस्ट मटेरियल से बेस्ट चीजे बनाने, कागज की कलाकृतियां तथा पेंटिंग की गतिविधियां कराई गई। इसके अलावा शारीरिक शिक्षा के तहत योग, व्यायाम, ध्यान और खेल गतिविधियां भी कराई गई, जिससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। आयोजित शिविर में नृत्य संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित कराया गया, जिसमें उपस्थित बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जानकारी के अनुसार विद्यालय में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रत्येक दिन अलग-अलग गतिविधियां कराई गई जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल-खेल में कई तरह की गतिविधियां शिक्षकों के मार्गदर्शन में सीखी। उक्त शिविर का आज 10 जून समापन अवसर पर बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के प्रधान पाठक महाबल सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में समय का सदुपयोग करने और बच्चों को स्कूल के प्रति आकर्षिक करने के लिए समर कैंप मददगार साबित होता है,जहां पर बच्चे खेल-खेल में मनोरंजन करने के साथ कई गतिविधियां सीखते हैं।

---

13 गांवों के ग्रामीण शिविर में हुए शामिल

# मोरगा पहुंचे प्रभारी मंत्री नेताम, सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत मोरगा में आयोजित विशाल जनसमस्या निवारण शिविर में 13 ग्राम पंचायतों के सैंकड़ों ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली।

शिविर में ग्राम पंचायत सोनवर्षा, उजियारपुर, बरबसपुर, लोहारी, सेमरा, लाई, महराजपुर, हर्रा, नागपुर, मोरगा, मुख्तियारपारा, सरभोका एवं चिराईपानी के ग्रामीण काफी संख्या में अपनी समस्याएं और मांगे लेकर पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ एमसीबी जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल



राजवाड़े, जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी बाई कुसरो, समस्त सरपंचगण एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रतना सिंह, वन मंडलाधिकारी चंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती तरशीला टोप्पो, अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, एसडीएम लिंगराज सिदार, जनपद पंचायत सीईओ सुश्री वैशाली सिंह सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों और अधिकारियों से सीधे संवाद करते हुए विभिन्न विभागों से प्राप्त मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने राजस्व, वनाधिकार, राशन कार्ड, सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, पीडीएस भवन, जिला उद्योग, कृषि, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संबंधित प्रकरणों पर अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान कांग्रेस ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बैकुंठपुर।** प्रदेश किसान कांग्रेस ईकाई कोरिया जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार राजवाड़े की अगुवाई में छोटे और सीमांत किसानों की बदहाल हालत, खाद बीज संकट, अव्यवहारिक वितरण नीतियां डीजल किल्लत, कृषि बिजली दरे, सहित विभिन्न नौ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ब्लाक किसान कांग्रेस बैकुंठपुर, सोनहत अध्यक्ष, सचिव के साथ अन्य पदाधिकारी के साथ प्रकाश पंडो, जयाराम, छन्नूलाल, देवेन्द्र कुमार, मेन प्रताप सिंह, शिवबालक, सीताराम राम प्रसाद, रामसाय सोरी, संजय खलखो, सुशील कुमार, डीआर राजवाड़े,



हेमसागर उपस्थित रहे। किसान कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि खाद की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए,पूरे प्रदेश में एक ही दर सुनिश्चित हो, कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। केसीसी की राशि में बढ़ोतरी कर 40 हजार प्रति एकड़ करने की मांग, धान की एकमुश्त राशि का भुगतान करें, ताकि किसान अगली फसल और घरेलू आवश्यकताआं का प्रबंधन सही ढंग से कर सके। उद्यानिकी, पशुपालन, मछल्ली पालन कृषि विभाग ओर कृषि अभियांत्रिकी द्वारा संचालित कृषि उपकरणों से संबंधित सभी योजनाओं में पारदर्शिता के साथ अनुदान प्रक्रिया संचालित किए जाने की मांग शामिल है।

## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ सरगुजा के नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति



**अम्बिकापुर।** जिला साहू संघ सरगुजा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी केके गुप्ता ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्रदेश साहू संघ की नियमावली के तहत जिला साहू संघ सरगुजा के संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी जिला साहू संघ कन्हैया गुप्ता द्वारा सर्वसम्मति से नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें सुरेश प्रसाद गुप्ता जिला अध्यक्ष, देवेन्द्र कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, श्रीमती सरस्वती गुप्ता उपाध्यक्ष तथा श्रीमती रूपा गुप्ता को संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

### सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा




**सीतापुर।** संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष आईबी तिवारी, वीरेन्द्र त्रिपाठी, बच्चू तिवारी, आचार्य दिनेश मिश्र, श्रीमती देवक त्रिपाठी एवं श्रीमती नीलम शर्मा की उपस्थिति में स्थानीय इकाई की बैठक हुई। बैठक में आसपास के क्षेत्र के सदस्य एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। बैठक में पदाधिकारियों ने संगठन की सभी इकाईयों की एकजुटता का अह्वान किया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने संगठन का विस्तार गांव-गांव तक करने एवं सभी विप्रो को संगठन से जोड़ने का सुझाव दिया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करने के साथ ही समाज की एकता, सक्रियता एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक उपरांत अतिथियों ने निर्माणाधीन परशुराम मंदिर स्थल का निरीक्षण किया निर्माण में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में रूपनारायण दुबे, श्याम नारायण दुबे, जगदीश शास्त्री सहित बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रों से सदस्य उपस्थित थे।

### शक्ति केंद्र खोरमा में हुई भाजपा मंडल की मासिक बैठक



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रतापपुर शक्ति केंद्र खोरमां की नर्सरी में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल पूर्ण होने पर राष्ट्रीय नेतृत्व के तहत गांव चलो घर चलो अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम, विशेष जनसंपर्क अभियान, योग दिवस, स्वच्छता अभियान कार्यक्रम बूथ स्तर में करके शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है। साथ ही क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में बताना है। कार्यक्रम में भाजपा के रीति नीति से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत गौडगावा एवं गणेशपुर के नवरत्न मरावी, शरबती मरावी, रंगबसोजी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मुकेश अग्रवाल, लालती सिंह, गिरीश पटेल, मानती सिंह, अजीत शरण सिंह, अवधेश पांडे, लक्ष्मी गुप्ता एवं शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक,कार्यकर्ता एवं सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री की उपस्थित थे।

## न टंकी, न सेप्टिक टैंक और न ही है पानी की व्यवस्था

# ग्राम पंचायत दुलदुली का सामुदायिक शौचालय बना शो पीस, लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ और खुले में शौच मुक्त बनाना है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर योजनाएं केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं। ग्राम पंचायत दुलदुली में लाखो की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण तो किया गया लेकिन देख रेख के अभाव में शो पीस बनकर रह गया है। शौचालय में न टंकी, न सेप्टिक टैंक, न पानी की व्यवस्था की व्यवस्था है जिससे ग्रामीण खुले में जाने को मजबूर है। ग्रामीणों ने सामुदायिक शौचालय की मरम्मत कराने की मांग की है जिससे गांव के लोग शौचालय का उपयोग कर सके।

**खास बात**

- दो साल पहले 3 लाख 50 हजार की लागत से कराया गया था निर्माण

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सामुयिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय का निर्माण प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 3 लाख 50 हजार रुपए की लागत से किया गया है। विकास खंड में जहां करोड़ों रुपए की लागत से शौचालय निर्माण किया गया है। हैरानी की बात है कि शौचालय का निर्माण तो करा दिया गया है परंतु शौचालय में न तो पानी का व्यवस्था है न टंकी लगाया गया है जिससे लाखों की लागत से निर्माण कराया गया शौचालय शो पीस बन कर ग्राम पंचायत का शोभा बढ़ा रही है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत दुलदुला की है जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत करीब 3.50 लाख रुपये की लागत से बना सामुदायिक शौचालय ग्रामीणों के लिए अब तक बेकार साबित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग दो वर्ष पूर्व प्रचार-प्रसार के साथ सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही यह सुविधा बदहाल और अनुपयोगी बनी हुई है। स्थिति इतनी खराब है कि जिस शौचालय को ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया गया था, वह आज लापरवाही की भेंट चढ़ गई है।



अनुपयोगी सामुदायिक शौचलय।

### ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

ग्राम पंचायत दुलदुला में सामुदायिक शौचालय की आवश्यकता गांव सहित राहगीरों को पड़ती है परंतु सामुदायिक शौचालय में कोई सुविधा नहीं होने से लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल रहा है और लोग खुले में जाने को मजबूर होते है। इस तरह की स्थिति विकासखंड के कई ग्राम पंचायत की है जहां सामुदायिक शौचालय की हालत एक जैसी है। ऐसे में गांव के लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

#### बिना उपयोग हो गई जर्जर

विकास खंड के कई ग्राम पंचायत ऐसे है जहां सामुदायिक शौचालय निर्माण होने के बाद से ताला लटका हुआ है। ऐसे में देखरेख व समय पर मरम्मत नहीं होने से सामुदायिक शौचालय भी पूरी तरह जर्जर होने की स्थिति में पहुच गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी आला अधिकारी निरीक्षण के लिए आते हैं तो उन्हें सिर्फ सड़क के किनारे बने शौचालय दिखा दिया जाता है जबकि अन्य पंचायत की जमीनी हकीकत कुछ और है। ग्रामीणों की मांग है कि लाखो की लागत से बने शौचालयों की मरम्मत और देखरेख की व्यवस्था के साथ साफ-सफाई और पानी की सुविधा सुनिश्चित की जाने की मांग की है ताकि लोग खुले में शौच जाने को मजबूर न हों।

#### टंकी गायब, सेप्टिक टैंक का पता नहीं

ग्रामीणों के अनुसार शौचालय में पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई। भवन की छत पर पानी की टंकी तो लगाई गई थी, लेकिन उसमें पानी पहुंचाने के लिए न पाइपलाइन डाली गई और न ही किसी अन्य जल स्रोत से कनेक्शन किया गया। हैरानी की बात यह है कि अब वह टंकी भी गायब हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय परिसर में सेप्टिक टैंक की व्यवस्था भी दिखाई नहीं देती। ऐसे में शौचालय निर्माण को किस तकनीकी स्वीकृति और मानक के आधार पर पूरा माना गया यह समझ से परे है।

#### कराई जाएगी जांच

ग्राम पंचायत दुलदुला स्थित सामुदायिक शौचालय में कोई सुविधा नहीं है और उपयोग हीन हो गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। साथ ही पंचायत सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा।

-अनिल तिवारी
जनपद सीईओ प्रतापपुर




## शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला मुक्तांजलि वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी मुक्ताजंलि वाहन की सुविधा नहीं होने से शव ले जाने परिजन को हो रही परेशानी के मद्देजनजर कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता से जिले के सुदूर वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग पूरी हो गई है। विकासखंड शंकरगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 1099 मुक्तांजलि शव वाहन की स्थायी सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इससे अब दुख और संकट की घड़ी में शोकाकुल परिवारों को पार्थिव देह को गृह ग्राम तक ले जाने के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

- शोक की घड़ी में अब मृतक के परिजन को नहीं होगी परेशानियां

गौरतलब है कि सामरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शंकरगढ़, कुसमी और राजपुर विकासखंड के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में अब तक शव वाहन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। सुदूर वनांचल और भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम इन क्षेत्रों में किसी अप्रिय घटना या मृत्यु होने की स्थिति में मृतक के परिजन को शव को घर तक पहुंचाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार जिला मुख्यालय से शव वाहन पहुंचने में लंबा समय लग जाता था, जिससे शोक संतप्त परिवारों को परेशानियां होती थी। क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने स्थायी समाधान के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में 1099 मुक्तांजलि शव वाहन उपलब्ध कराई गई है, जिससे अब क्षेत्र के लोगों को समय पर और निःशुल्क शव वाहन सेवा मिल सकेगी। शंकरगढ़ में मुक्तांजलि वाहन की उपलब्धता से न केवल शंकरगढ़ विकासखंड, बल्कि समीपवर्ती विकासखंड राजपुर और कुसमी के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं और समस्याओं का त्वरित समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अब मुक्तांजलि वाहन की उपलब्धता से दुख की घड़ी में प्रभावित परिजन को त्वरित सहायता मिल सकेगी।

## लोहे की प्रोटेक्टिव स्क्रीन टूटकर ओएचई तार पर गिरने के बाद अलर्ट पर रेलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर–अनूपपुर रेलखंड पर शनिवार शाम मोरभंज ओवरब्रिज के ऊपर लगी ओएचई प्रोटेक्टिव स्क्रीन (लोहे की जाली) टूटकर ओवरहेड विद्युत तार पर गिर जाने की घटना के बाद रेलवे प्रशासन सतर्क हो गया है। घटना के चलते इस रेलमार्ग पर कई घंटों तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

- सभी ओवरब्रिज पर जंग लगी लोहे की जाली की अधिकारी करेंगे जांच

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर आगे मोरभंज ओवरब्रिज के ऊपर लगी सुरक्षा जाली अचानक टूटकर ओएचई तार पर गिर गई। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई और रेल यातायात प्रभावित हो गया। घटना के कारण अंबिकापुर–दुर्ग एक्सप्रेस करीब ढाई घंटे तक अंबिकापुर स्टेशन पर खड़ी रही, जबकि जबलपुर–अंबिकापुर ट्रेन कमलपुर स्टेशन पर रोकनी पड़ी। मरम्मत और सुधार कार्य पूरा होने के बाद लाइन क्लियर मिलने पर ट्रेनों का परिचालन बहाल किया गया। अंबिकापुर–दुर्ग ट्रेन, जो रात 10:30 बजे रवाना होनी थी, उसे करीब रात 1 बजे रवाना किया गया। वहीं जबलपुर–अंबिकापुर ट्रेन भी निर्धारित समय से काफी विलंब से रात करीब 1:20 बजे अंबिकापुर पहुंची। घटना को रेलवे प्रबंधन ने गंभीरता से लिया है। सूत्रों के अनुसार मामले की जांच के लिए संबंधित विभाग के करीब आधा दर्जन अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूछताछ हेतु बिलासपुर स्थित मुख्यालय तलब किया गया है। वरिष्ठ मंडलीय सुरक्षा अधिकारी (सीनियर डीएसओ) द्वारा पूरे मामले की समीक्षा की जा रही है। बताया जाता है कि ओवरब्रिजों पर लगाई जाने वाली प्रोटेक्टिव स्क्रीन का उद्देश्य ओएचई तारों को बाहरी क्षति से बचाना होता है। संबंधित स्क्रीन वर्ष 2006-07 में रेल लाइन निर्माण के दौरान लगाई गई थी। आशंका जताई जा रही है कि वर्षों से रखरखाव नहीं होने के कारण जंग लगने से स्क्रीन को सहारा देने वाला एंगल कमजोर हो गया और उसके टूटने से भारी लोहे की जाली ओएचई तार पर गिर गई। हालांकि घटना के पीछे अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज के आसपास का क्षेत्र अक्सर असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का अड्डा बना रहता है। ऐसे में शरारत अथवा मानवीय हस्तक्षेप की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय युवकों ने दावा किया है कि उन्होंने पूर्व में भी जंग लगी जाली को लेकर रेलवे अधिकारियों को आगाह किया गया था और इसके कभी भी टूटकर गिरने की आशंका जताई थी। इसके बावजूद समय रहते आवश्यक मरम्मत नहीं कराई गई। अब इस घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने रेलखंड के सभी ओवरब्रिजों पर लगी जंग लगी एवं पुरानी प्रोटेक्टिव स्क्रीन की जांच कराने का निर्णय लिया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## जनदर्शन में संवेदनशीलता की दिखी झलक बुजुर्ग को मौके पर ही मिला श्रवण यंत्र

**सूरजपुर।** कलेक्टर जनदर्शन में संवेदनशील प्रशासन की एक झलक देखने को मिली, जब सुनने की समस्या से जूझ रहे एक बुजुर्ग को मौके पर ही श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। 81 वर्षीय बुजुर्ग मकल राम डनसेना सुनने की समस्या को लेकर अपना आवेदन लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे थे। विगत 6 से 7 वर्षों से उन्हें सुनने में कठिनाई हो रही थी, जिसके चलते उन्हें सामान्य कार्यों एवं रोजमर्रा के व्यवहार में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

- कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने स्वयं पहनाया श्रवण यंत्र, पूछा परिवार का हाल–चाल

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने बुजुर्ग की समस्या को प्राथमिकता देते हुए तत्काल समाज कल्याण विभाग के उप संचालक आलोक भवाल को आवेदक को श्रवण यंत्र मुहैया कराने के निर्देश दिए। उप संचालक द्वारा इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जनदर्शन की मध्य अवधि में ही बुजुर्ग को श्रवण यंत्र प्रदान कर दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती जमील ने स्वयं बुजुर्ग को श्रवण यंत्र पहनाया तथा उनके परिवार का हाल-चाल पूछा। साथ ही उन्होंने श्रवण यंत्र के सही ढंग से कार्य करने की भी जांच की, ताकि बुजुर्ग को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्रवण यंत्र मिलने पर बुजुर्ग मकल राम डनसेना ने कहा कि वर्षो से सुनने की समस्या के कारण अपने परिवार और आसपास के लोगों से ठीक से बात तक नहीं कर पाता था। आज कलेक्टर मैडम ने मेरी बात सुनकर मौके पर ही श्रवण यंत्र दिलवा दिया, इतना ही नहीं स्वयं अपने हाथों से पहनाया। अब मैं फिर से सब कुछ सुन पा रहा हूँ। जनदर्शन में कुल 110 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## नाम परिवर्तन सूचना

मै विजेश्वरी पति कन्हैया लाल जाति कोईर निवासी ग्राम सरहरी पो. केवरा, तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ.ग.मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं ग्राम सरहरी, पो. केवरा तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ.ग. का स्थायी निवासी हूं। मेरा पुराना नाम विजयश्वरी है और मैं अपना नाम बदलकर विजेश्वरी करवाना चाहती हूं। मेरे पुराना नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है। मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूं तो उसके लिए मै पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी। मेरा आधार कार्ड में आ. क्र. 4744 7694 5655 जन्म दिनांक 01-01-1977 दर्ज है जो त्रुटि पूर्ण है, सही जन्म दिनांक 15-09-1972 जो की सत्य है। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशहवास मे रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
विजेश्वरी
पति कन्हैया लाल
निवासी- ग्राम सरहरी पो. केवरा,
तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ.ग.

## पुण्यतिथि पर भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को किया गया स्मरण



**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव एवं राम जी ध्रुव प्रभारी सूरजपुर आदिवासी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष संतोष पावले के नेतृत्व में मंगलवार 9 जून को भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि गोंडवाना भवन सूरजपुर में मनाई गई,धरती आबा बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष, बलिदान एवं आदिवासी अधिकारों के लिए उनके योगदान को समाज के लोगों ने स्मरण किया,इस दौरान बिहारी लाल, कुलदीप,समीर सिंह, राजकुमार सिंह, किशुन सिंह, दुर्गा सिंह, सुनील सारथी, बबलू यादव, सुनील प्रजापति, सुरेंद्र सारथी एवं आदिवासी समाज के अन्य उपस्थित रहे।

## न्यायालय :- व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी प्रतापपुर, जिला सूरजपुर छ.ग.

// ईश्तहार //

व्य.वा.प्र.क्रं.-01ए/2025
पेशी तिथि-19.06.2028
प्रोसेस क्रमांक-114/2026

**समंस/नोटिस**

शविनोद कुमार तिवारी ----वादी
-: प्रति :-
श्रीमती अर्चना तिवारी वगैरह ----प्रतिवादीगण

द्वारा:- श्रीमती प्रमिला पाण्डेय पत्नी श्री विवेक आनंद पाण्डेय, उम्र-53 वर्ष, निवासी ग्राम पीपरसात तहसील रसणा जिला बलिया उ.प्र.

इस न्यायालय में आवेदिका वादीगण विनोद कुमार तिवारी ने श्रीमती अर्चना तिवारी वगैरह के विरूद्ध व्य.वा.प्र.क्रं.-1ए/2025 विनोद कुमार तिवारी ने श्रीमती अर्चना तिवारी वगैरह का व्यवहार वाद का प्रकरण प्रस्तुत किया है जिसमें श्रीमती प्रमिला पाण्डेय पत्नी श्री विवेक आनंद पाण्डेय, उम्र-53 वर्ष, निवासी ग्राम पीपरसात तहसील रसणा जिला बलिया उ.प्र. को इस समंस/नोटिस के जरिये सूचित किया जा रहा है, कि इस न्यायालय में तारीख 19.06.2026 को 11.00 बजे खुद या ऐसे अधिवक्ता के मार्फत जो मुकदमे के कुल हाजिर सवालात के जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई आदमी मौजूद हो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके, मुकदमे का जवाब देने हेतु हाजिर हो जावे।

आप इस न्यायालय में दावे में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके आप लोगों को यह निर्देश दिया जाता है, कि आप उस दिन सब दस्तावेजो को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आप लोगों प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आप लोगों के कब्जे में हो या अपनी प्रतिरक्षा गुजराई का दावे या प्रतिदाव के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

इस समंस / नोटिस / इश्तिहार के माध्यम से श्रीमती प्रमिला पाण्डेय पत्नी श्री विवेक आनंद पाण्डेय, उम्र-53 वर्ष, निवासी ग्राम पीपरसात तहसील रसणा जिला बलिया उ.प्र. को सूचित किया जाता है कि यदि आप लोग वर्णित की गई तारीख 19.06.2026 को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट- यदि कारण वश पेशी तिथी को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर कि जावेगी, आज तारीख 02.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय मुद्रा लगाकर दी गई है।

(सतीश कुमार खाखा)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्जवल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
IGNOU
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
CGHS से मान्यता प्राप्त
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध हैं
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 जून 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 जून 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### ओपीएस के देवेन्द्र एवं आर्यन को जापान से मिली ब्लैक बेल्ट की उपाधि

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं के देवेन्द्र कुमार आ.बृजमोहन भगत एवं आर्यन चौबे आ.दुर्गा चौबे को विश्व समुराई महासंघ, जापान द्वारा ब्लैक बेलट की प्रथम डिग्री से सम्मानित किया गया है। इसके लिए 31 मई को आंध्रप्रदेश के गुन्टूर जिले में अखिल भारतीय समुराई महासंघ द्वारा अंतर्राजीय ब्लैक बेल्ट सेमिनार एवं परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 21 ब्लैक बेल्ट प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। आर्यन चौबे एवं देवेन्द्र कुमार विगत दो वर्षों से ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक व अखिल भारतीय समुराई महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार बर्णवाल से प्रशिक्षण ले रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### दिवंगत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की पत्नी को दिया गया 10 लाख का चेक

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रवि जमकातर की 9 फरवरी 2026 को मृत्यु होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसएसपी राजेश अग्रवाल एवं भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रतीक अग्निहोत्री द्वारा 10 लाख रूपये की बीमा राशि का चेक दिवंगत की पत्नी श्रीमती संगीता जमकातर को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत प्रदान किया गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक शिरीष गीर, मुख्य शाखा अधिकारी आशीष सिंह एवं उपनिरीक्षक अभय सिंह एसपी कार्यालय में उपस्थित थे।

## निधन

### संजय कुमार सिंह

**अम्बिकापुर।** दशरथ सिंह के ज्येष्ठ पुत्र एवं रंजय सिंह तथा धनंजय सिंह के भ्राता संजय कुमार सिंह का इलाज के दौरान निधन हो गया। मंगलवार की सुबह 9 बजे उनके गृह ग्राम विकासखंड प्रतापपुर के सोनगरा स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### दरिमा स्थित प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट का किया निरीक्षण

# परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी अध्ययन भ्रमण पर पहुंचे शहर



प्रोसेसिंग यूनिट का किया निरीक्षण करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया को जाना

भारतीय प्रशासनिक सेवा (बैच 2025) के छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षणरत परिवीक्षाधीन अधिकारी शनिवार को अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम में अम्बिकापुर पहुंचे। उन्होंने यहां जनपद पंचायत अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत दरिमा स्थित प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट का अवलोकन किया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस आर. गोकुल, यशवंत नायक एवं ईशांत जायसवाल ने यूनिट का निरीक्षण कर वहां संचालित ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, सेग्रीगेशन, प्रसंस्करण एवं पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने देखा कि किस प्रकार प्लास्टिक अपशिष्ट को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर मशीनों के माध्यम से प्रोसेस किया जाता है तथा उससे प्लास्टिक के दाने (ग्रेन्यूल्स) तैयार किए जाते हैं। अधिकारियों ने इन दानों से निर्मित की जा रही रस्सी के उत्पादन की प्रक्रिया को भी देखा और संबंधित कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### पर्यटन स्थलों का किया दौरा

अध्ययन भ्रमण पर पहुंचे परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारियों के दल ने मैनपाट के प्रमुख पर्यटन एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया। अधिकारियों ने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, पर्यटन संभावनाओं तथा स्थानीय संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त की। दौरे के दौरान अधिकारियों ने टाइगर प्वाइंट, मेहता प्वाइंट, उल्टा पानी, जलजली, बौद्ध मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यटन विकास और स्थानीय आजीविका से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर अधिकारियों को मैनपाट क्षेत्र की भौगोलिक विशेषताओं, जनजातीय संस्कृति, कृषि गतिविधियों तथा पर्यटन से मिलने वाले आर्थिक लाभों के संबंध में विस्तार से बताया गया। मैनपाट भ्रमण के पश्चात अधिकारी मैनपाट की प्राकृतिक सुंदरता से प्रभावित हुए।

# कलेक्टर के संज्ञान में आते ही एमएलसी एवं पोस्टमार्टम कार्यों के लिए की गई त्वरित व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- बरियों एवं रघुनाथनगर में चिकित्सकों की ड्यूटी निर्धारित

जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथनगर में मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) एवं पोस्टमार्टम कार्यों के संचालन में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों का मामला कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के संज्ञान में आने पर उन्होंने तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दोनों स्वास्थ्य संस्थानों में एमएलसी एवं पोस्टमार्टम से संबंधित शासकीय एवं आपातकालीन कार्यों के सुचारू संचालन हेतु चिकित्सकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि आपातकालीन एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। नागरिकों को समय पर आवश्यक चिकित्सा एवं कानूनी प्रक्रियाओं से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जारी आदेश के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक गुप्ता को प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार तथा डॉ. आलोक मिश्रा को प्रत्येक सप्ताह मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार के लिए ऑन-कॉल ड्यूटी सौंपी गई है। इसी प्रकार 100 बिस्तरीय अस्पताल वाड्रफनगर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनीर सचान को आगामी आदेश तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथनगर में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना मोबाइल फोन सदैव चालू रखें तथा सूचना प्राप्त होते ही तत्काल संबंधित स्वास्थ्य संस्था में उपस्थित होकर आवश्यक सेवाएं प्रदान करें। साथ ही ड्यूटी अवधि के दौरान बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के निर्देश पर की गई इस त्वरित व्यवस्था से बरियों एवं रघुनाथनगर क्षेत्र में एमएलसी एवं पोस्टमार्टम संबंधी सेवाओं का संचालन और अधिक प्रभावी एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सकेगा।

# धान भुगतान और फर्जी केसीसी ऋण मामले को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



क्षेत्र के किसानों ने धान बिक्री की बकाया राशि के भुगतान तथा कथित फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड ऋण प्रकरण को समाप्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम कांग्रेस नेता नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एसडीएम को प्रेषित किया गया।

सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया है कि उनकी धान बिक्री की राशि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अंबिकापुर की रामानुजगंज एवं रामचंद्रपुर शाखाओं में जमा है, लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा किसानों के नाम पर केसीसी ऋण बकाया होने का हवाला देकर खातों को होल्ड कर भुगतान रोक दिया गया है। किसानों का कहना है कि संबंधित आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों द्वारा उन्हें लिखित प्रमाण-पत्र जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि संबंधित किसानों को समिति स्तर से किसी प्रकार का नगद अथवा वस्तु ऋण प्रदान नहीं किया गया है। किसानों ने आरोप लगाया कि बिना उनकी जानकारी के उनके नाम पर केसीसी ऋण स्वीकृत किया गया और बैंक अधिकारियों तथा कर्मचारियों की मिलीभगत से ऋण राशि का आहरण भी कर लिया गया। पीड़ित किसानों ने बताया कि वे इस मामले की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि धान बिक्री की रोकी गई राशि का तत्काल भुगतान कराया जाए तथा उनके नाम पर दर्ज कथित फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण को समाप्त किया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि 16 जून तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र के किसान उग्र आंदोलन एवं अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

इस दौरान किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विकास दुबे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान भी मौजूद रहे।

# प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चलाया गया एचपीवी टीकाकरण अभियान



**राजपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार तथा सीएमएचओ डॉ. विजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश जायसवाल के नेतृत्व में विकासखंड के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एचपीवी टीकाकरण महाअभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने एक दिन में 304 किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया।

जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में 131, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों में 59, रेवतपुर में 80, गोपालपुर में 22 तथा आरा में 12 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में टीकाकरण के बाद किशोरियों एवं उनके परिजन को एचपीवी वैक्सीन के लाभों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि यह टीका गर्भाशय ग्रीवा कैंसर सहित एचपीवी संक्रमण से होने वाली कई गंभीर बीमारियों से बचाव में प्रभावी माना जाता है। समय पर टीकाकरण से भविष्य में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश जायसवाल ने बताया कि यह अभियान किशोरी बालिकाओं को भविष्य में गर्भाशय संबंधी गंभीर रोगों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजपुर विकासखंड में यह टीकाकरण अभियान लगातार जारी रहेगा तथा सभी पात्र किशोरियों तक पहुंचकर उन्हें इस महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से भी अपनी बेटियों का टीकाकरण कराने की बात कही।

# डॉक्टर के सूने मकान से नकद, सीसीटीवी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- विभागीय मीटिंग में सपरिवार बिलासपुर गए हुए थे, चोरों का गिरोह बंद पड़े आवासों की सटीक रेकी कर चोरी की घटना को दे रहा अंजाम

थाना क्षेत्र में सोमवार को कुमदा कॉलोनी में शिक्षिका श्रीमती कृष्णा नायक के साथ हुई लुट की घटना के बाद बीती रात अज्ञात चोरों ने एसईसीएल के एकता स्टेडियम के समीप आफिसर्स कॉलोनी के बंद पड़े आवास क्रमांक टू सी 4 में घुसकर चोरी कर ली है, प्राप्त जानकारी अनुसार सेंट्रल हॉस्पिटल में पदस्थ डेंटिस्ट डॉ सत्यपाल जोलहे के सुने आवास का ताला तोड़ भीतर प्रवेश कर अज्ञात बदमाशों ने गुल्लक में रखे कुछ नगदी रकम सहित सीसी टीवी का डीबीआर अपने साथ ले गए हैं।

बताया गया कि चिकित्सक विभागीय मीटिंग में सपरिवार बिलासपुर गए हुए थे जहाँ उनका घर भी है।मीटिंग के साथ परिवार को परिजनों से मिलाने के नाम पर वह अपने कंपनी आवास में ताला बंद कर गए हुए थे।सोमवार की रात क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह के सदस्यों ने आवास की रेकी कर घर के दरवाजे का ताला तोड़ भीतर प्रवेश कर पूरे सामान को आराम से खंगाला, इस दौरान गुल्लक और अलमारी में रखे करीब आठ से दस हजार रुपये नगदी रकम सहित घर में लगा सीसी टीवी कैमरे का डीबीआर मशीन अपने साथ ले गए हैं।अगली सुबह जब अगल बगल के पड़ोसियों ने जब उनके घर को खुला देखा पाया तो उन्हें सूचना दी,बताया गया कि डेंटिस्ट आज मंगलवार को वापस लौट आए हैं,घटना की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दे दी गई है।पुलिस आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज को खंगाल रही है,साथ ही क्षेत्र के संदिग्ध प्रवृति के बदमाशों को पकड़ उनसे जरूरी पूछताछ कर रही है।

### कुम्दा कॉलोनी स्थित उठाईगिरी का नहीं लगा सुराग

एक दिन पूर्व ही सोमवार को कुमदा कॉलोनी निवासी जयनगर हाई स्कूल की व्याख्याता श्रीमती कृष्णा नायक जो एटीएम से पैसे निकाल बिश्रामपुर बाजार आने पैदल ऑटो स्टैंड जा रही थी तभी अज्ञात बाइक सवार गमछा से मुंह ढके युवक ने उनके हाथ से पर्स लूट भाग निकला था जिसमें नगदी रकम पांच हजार सहित एटीएम,कार्ड ,चेक बुक सहित मोबाइल रखा था।घटना के बाद सूचना पर पुलिस सक्रिय हो आरोपियों की पता तलाश में जुटी है लेकिन अब तक चोरों का पता नहीं चल सका है।पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736



# खनिज विभाग ने किए 5 ट्रैक्टर जब्त रेत के तीन अवैध डिपो को किए सील

**सीतापुर।** मांड नदी में अवैध रेत खनन एवं परिवहन को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर हुआ है। खबर प्रकाशन के बाद खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर को जब्त किया है साथ ही रेत के तीन अवैध डिपो सील कर दिया है। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

विदित हो कि बीते दिनों रेत का अवैध खनन एवं परिवहन की वजह से बदला मांड नदी का स्वरूप नामक शीर्षक से हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। इस समाचार में क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड नदी के भूतकाल और वर्तमान स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला गया था। इसके अलावा रेत माफियाओं द्वारा बिना अनुमति मांड में अवैध रेत खनन एवं परिवहन एवं खनिज विभाग द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का भी उल्लेख किया गया था। हरिभूमि में प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद खनिज विभाग हरकत में आया और अवैध रेत खनन एवं परिवहन में लिप्त पांच ट्रैक्टर जब्त किया। इसके अलावा अवैध रेत भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भवराडांड़ में दो रेत एवं प्रतापगढ़ में संचालित एक रेत डिपो को सील कर दिया गया। खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

इस संबंध में खनिज विभाग के सुपरवाइजर सुरेश सिंह ने बताया कि पांच ट्रैक्टर जब्त करने के बाद खनिज विभाग ने रेत के तीन अवैध डिपो सील किया है। आगे भी रेत के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी।




